पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

प्रदेश सरकार कोविड–19 के खिलाफ टीम भावना से कार्य कर रही : मुख्यमंत्री

शासन की तर्ज पर जनपद स्तर पर भी समिति गठित की जाए

मुख्यमंत्री ने मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों तथा मुख्य चिकित्साधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए

पिछले एक सप्ताह में प्रदेश में विभिन्न राज्यों से आये लोगों की सूची 28 मार्च, 2020 तक कृषि उत्पादन आयुक्त को उपलब्ध करा दी जाए : मुख्यमंत्री

कहीं का भी कोई नागरिक हो उसे प्रदेश में पूरी सुरक्षा व भोजन की व्यवस्था की जाए

कोरोना से बचाव के लिए लॉक डाउन का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक

प्रशासन तथा पुलिस के अधिकारी संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करें

सभी जनपदों में लेवल–1, लेवल–2 तथा लेवल–3 स्तर के अस्पतालों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए : मुख्यमंत्री

मुसहर, थारू, वनवासियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें

सड़क पर कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं दिखना चाहिए

जिलाधिकारी अपने जनपद में सभी जरूरी वस्तुओं की उपलब्धता तथा उन्हें लोगों तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें

कालाबाजारी, मुनाफाखोरी तथा जमाखोरी करने वालों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश

लोगों को यह बताना आवश्यक है कि कोरोना से बचाव ही सबसे बड़ा हथियार

लखनऊ : 27 मार्च, 2020

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रदेश सरकार कोविड–19 के खिलाफ टीम भावना से कार्य कर रही है। शासन द्वारा विभिन्न दायित्वों के सुचारू संचालन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की 11 कमेटियां गठित की गयी हैं। यह समितियां पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने

जिलाधिकारियों को इसी प्रकार जिला स्तर पर भी समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं जिससे बेहतर समन्वय के साथ इस महामारी से निपटा जा सके।

मुख्यमंत्री जी आज यहां अपने सरकारी आवास पर मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों तथा मुख्य चिकित्साधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से कोरोना के प्रभावी नियन्त्रण, लॉक डाउन के क्रियान्वयन तथा निर्धन वर्गों को शासन द्वारा प्रदान की जा रही राहत की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीब कल्याण पैकेज की घोषणा की है। इसके माध्यम से देश के 80 करोड़ से अधिक लोगों को आच्छादित किया गया है। उन्होंने कहा पिछले एक सप्ताह के दौरान प्रदेश में विभिन्न राज्यों से आये हुए लोगों की सूची 28 मार्च, 2020 तक कृषि उत्पादन आयुक्त को उपलब्ध करा दी जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रदेश में कहीं का कोई भी नागरिक हो उसे पूरी सुरक्षा व भोजन की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए लॉक डाउन का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। इसके दृष्टिगत प्रशासन तथा पुलिस के अधिकारी संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करें तथा पब्लिक को एड्रेस करें। उन्होंने कहा कि लोगों को यह बताना आवश्यक है कि कोरोना से बचाव ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने नेपाल राष्ट्र से जुड़े जनपदों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क पर किसी भी प्रकार की भीड़ न मिले।

मुख्यमंत्री जी ने सभी जिलाधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे अपने जनपदों में विदेश से आये हुए लोगों को चिन्हित कर उन्हें आवश्यकतानुसार उपचारित करवाने का कार्य करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी जनपदों में लेवल–1, लेवल–2 तथा लेवल–3 स्तर के अस्पतालों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। राज्य सरकार ने विधायक निधि के दिशानिर्देशों में संशोधन करते हुए

कोरोना के उपचार तथा बचाव के लिए इसका उपयोग किये जाने की व्यवस्था की है। सभी जिलाधिकारी प्रभावी पहल करते हुए अपने जनपद में इसके माध्यम से व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी अस्पतालों में मास्क, ग्लव्स तथा चिकित्सा से जुड़ी अन्य जरूरी वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लॉक डाउन के दौरान सभी जिलाधिकारी अपने जनपद में सभी जरूरी वस्तुओं की उपलब्धता तथा उन्हें लोगों तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जनता को डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के द्वारा आवश्यक वस्तुएं एवं सामग्री उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने कालाबाजारी, मुनाफाखोरी तथा जमाखोरी करने वालों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सड़क पर कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं दिखना चाहिए। मुसहर, थारू, वनवासियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री आर0के0 तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री आलोक सिन्हा, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त श्री आलोक टण्डन, अपर मुख्य सचिव सूचना एवं गृह श्री अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री संजीव कुमार मित्तल, पुलिस महानिदेशक श्री हितेश चन्द्र अवस्थी, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा श्री रजनीश दुबे, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री श्री संजय प्रसाद, सूचना निदेशक श्री शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

———————

PN-CM-Video Conferencing-Corona-27 March, 2020.doc